हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार,13 फरवरी 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

10 संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों के लिए निकाली रैली



12 कर्णेश्वर मेला में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब



## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 21 से

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रसायन शास्त्र बीएससी द्वितीय वर्ष की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 21 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं प्रवेश कार्ड के साथ परीक्षा आरंभ होने के आधा घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

### जहर सेवन कर अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** कीटनाशक दवाई का सेवन कर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती अधेड़ की मौत हो गई । अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार टेकराम यादव पिता दीनदयाल उम्र 47 वर्ष ग्राम गातापार थाना जीजामगांव आर निवासी ने बीते 3 फरवरी को अज्ञात कारणों से अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अधेड़ द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहर पीने से युवक की गई जान

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से शराब के नशे में युवक ने जहर का सेवन कर लिया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर निवासी राकेश निषाद रोहित उम्र 42 वर्ष अपने गांव में 1 फरवरी को आयोजित मड़ई के दिन शराब का सेवन किया था। दूसरे दिन बासी मड़ई पर भी युवक ने शराब पी। उल्टी होने पर युवक ने परिजनों को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। यहां से रिफर कराकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### अधेड़ ने पी कीटनाशक दवा, मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली । अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम नागानाला निवासी जैलूराम नेताम उम्र 46 वर्ष मंगलवार को अपने खेत गया था। वहां अधेड़ कीटनाशक का सेवन कर घर पहुंचा। घर में परिजनों को जहर सेवन कर लेने की जानकारी देने के बाद वह बेहोश हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की शाम अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

### रूद्रेश्वर महादेव का हुआ विशेष श्रृंगार, जलाभिषेक के लिए लगी लंबी कतार

# माघी पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी









हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

माघी पूर्णिमा पर जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चित्रोत्पला महानदी स्थित कर्णेश्वर महादेव, रूद्रेश्वर महादेव, डोंगेश्वर महादेव तथा राजिम के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पवित्र स्नान के बाद भगवान शिव को जलाभिषेक करने लोगों की कतार लगी रही। उक्त स्थलों पर माघी पुन्नी का मेला लगा जिसकी रौनक देखते बन रही थी।

हिन्दू धर्म में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्योदय के समय नदी में पवित्र स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। बुधवार की सुबह 4 बजे से श्रद्धालु अपने परिवार, दोस्तों के साथ महानदी की ओर रूख करने लगे। रूद्रेश्वर महादेव स्थित महानदी के घाट में सुबह हजारों लोगो ने आस्था की डुबकी लगाई। ग्राम सोरम से सपरिवार पवित्र स्नान के लिए रूद्रेश्वर घाट पहुंचे गणेश साहू ने बताया कि वे हर साल माघ पूर्णिमा का पवित्र स्नान करते हैं। इस बार प्रयागराज के महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाने का प्रोग्राम था लेकिन वहां भीड़ को देखते हुए प्रयागराज नहीं जा सके। बुधवार सुबह 4 बजे सपरिवार रूद्रेश्वर महादेव घाट पहुंचकर स्नान किया। महानदी की दिव्य आरती में शामिल हुए। सुबह 7 बजे मंदिर का पट खुला। लंबी कतार के कारण उसे घंटे भर के इंतजार के बाद जलाभिषेक करने का मौका मिला।

ग्राम अछोटा से पवित्र स्नान के लिए पहुंचे रेवाराम देवांगन ने बताया कि रूद्री मेला में डांग डोली, आंगादेव, देवविग्रहों का पूजा-पाठ सिरहा बैगाओं ने किया। डांग डोली देव विग्रहों के साथ बैगाओं ने मेला स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान अंचल का सांस्कृतिक दृश्य देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं में माघ पूर्णिमा के प्रति आस्था ▶▶ शेष पेज 10 पर

### राजिम, देवपुर, सिहावा, कोदोरास में लगा मेला

शहर से 20 किमी दूर ग्राम देवपुर स्थित डोंगाडुला के डोंगेश्वर महादेव स्थल पर माघ पूर्णिमा का मेला लगा। अतिप्राचीन डोंगेश्वर महादेव का रोचक इतिहास है। हर साल लगने वाले डोंगेश्वर घाट में हजारों लोगों ने पवित्र स्नान किया। महानदी के उद्गम स्थल सिहावा पहाड़ स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, रामप्रसाद मरकाम ने बताया कि हिन्दू धर्म में सिहावा का धार्मिक एवं एतिहासिक महत्व है। महर्षि श्रृंगीऋषि के कमंडल से महानदी का उद्गम हुआ है। आदिकाल से यहां माघ पूर्णिमा का पवित्र स्नान और मेला लगता है। पांच दिवसीय मेले में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बुधवार को पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालु तड़के पहुंचने लगे। करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई और मेला का आनंद उठाया। इसी तरह भखारा क्षेत्र के सिलौटी स्थित खारून नदी में मेला लगा। धमतरी जिले की सीमा पर लगे राजिम के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के साथ मेला का शुभारंभ हो गया है। शिवरात्रि तक चलने वाले कुंभ कल्प मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

# सीसीटीवी की टाइमिंग में अंतर, कांग्रेसियों ने मचाया हंगामा

- स्ट्रांग रूम में निरीक्षण के लिए पहुंचा था कांग्रेसियों का दल, लगाए कई आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





स्ट्रांग रूम में निरीक्षण के लिए पहुंचे कांग्रेसियों को सीसीटीवी कैमरे की टाइमिंग में अंतर मिला। इससे गड़बड़ी की आशंका जताते हुए कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही कलेक्टर, एसपी, रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। कांग्रेसियों ने सीसीटीवी के दो घंटे का बैकअप लिया। इसके बाद भी वे गड़बड़ी की आशंका जता रहे हैं।

बुधवार की दोपहर 12 बजे विजय गोलछा, आनंद पवार, आकाश गोलछा, पार्षद प्रत्याशी राजेश पांडे, पूर्णिमा रजक, दीपक सोनकर, संजू साहू सहित अन्य लोग पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि सीसीटीवी फुटेज की टाइमिंग में अंतर है। किसी कैमरे की फुटेज में 12 तो किसी की फुटेज में 1 बजे का समय दिख रहा था। समय में अंतर को देखकर कांग्रेसी भड़क गए। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारी से सवाल तलब किया, लेकिन अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके, जिससे कांग्रेसियों का आक्रोश और भड़क उठा। काफी देर तक उन्होंने वहां पर हंगामा मचाया। उन्होंने ईवीएम में फेरबदल की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि यह गड़बड़ी लोकतंत्र की हत्या है।

इस दौरान कांग्रेस के कमलेश सोनकर, सूरज गहरवाल, गौतम वाधवानी, जगमोहन ध्रुव, अजय वर्मा, नीतू कोर्राम, अविनाश मरोठे, रामेश्वरी कोसरे, श्याम देवांगन, अजय डहरिया, जितेंद्र साहू, विशु देवांगन, योगेश लाल, गजानंद रजक आदि उपस्थित थे।

#### माहौल देखकर शक होता है

देश में जैसा माहौल है, उसे देखकर गड़बड़ी का शक होता है। धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी के नामांकन को ही तिकड़म लगाकर रद्द कर दिया गया। अब आशंका है कि कांग्रेस के जो प्रत्याशी जीतने वाले हैं, उनके साथ कुछ गलत न हो जाए। - **शरद लोहाना**, *जिलाध्यक्ष कांग्रेस*

#### कांग्रेस हार स्वीकार नहीं करती

कांग्रेस पार्टी जनादेश को स्वीकार नहीं कर रही है। ईवीएम को स्ट्रांग रूम में कांग्रेसियों के सामने ही सील किया गया। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं कर सकता है, लेकिन कांग्रेसी आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। वे हारने के बाद मशीन पर भी आरोप लगाते हैं। -**रामू रोहरा**, *महापौर प्रत्याशी भाजपा*

### बिरगुड़ी में मड़ई 15 को

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में 15 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मामा भांचा नाचा पार्टी खोखसा बसना की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम समिति अध्यक्ष रामकुमार सरोज एवं सचिव दीपेश नाग ने दी है।

### अटंग में रामायण स्पर्धा 26 से, मड़ई 1 को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 26 फरवरी से 28 फरवरी तक रामायण प्रतियोगिता एवं 1 मार्च को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी रुद्रनाथ साहू ने दी है।

# पांचवीं, आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू होगी

- वार्षिक परीक्षाएं जिला स्तर पर होंगी, शिक्षा विभाग की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में इस वर्ष कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी पूर्ण कर ली है। शासन के आदेश के बाद परीक्षाएं जिला स्तर पर होंगी।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा पांचवीं की वार्षिक परीक्षा में गणित का पेपर 17 मार्च सोमवार से शुरू होगा। इसी तरह अंग्रेजी पेपर 21 मार्च शुक्रवार को, हिन्दी 24 मार्च सोमवार को तथा पर्यावरण का पर्चा 27 मार्च गुरूवार को होगा। परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होगी। इसी तरह कक्षा 8वीं का पहला पेपर गणित 18 मार्च मंगलवार को, हिन्दी पेपर 22 मार्च शनिवार को, अंग्रेजी पेपर 26 मार्च बुधवार को, सामाजिक विज्ञान 29 मार्च शनिवार को, विज्ञान पेपर 1 अप्रैल मंगलवार को तथा संस्कृत या उर्दू का पर्चा 3 अप्रैल गुरूवार को होगा। परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक होगी।

विदित हो कि दोनों कक्षाओं की केन्द्रीयकृत परीक्षाएं जिला स्तर पर होंगी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार होगा। परीक्षार्थी अपने ही स्कूल में परीक्षा दिलाएंगे। दूसरे स्कल के प्राचार्य केन्द्राध्यक्ष होंगे। संकुल प्राचार्य परीक्षा की निगरानी करेंगे। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अन्य ब्लाक में होगा। परीक्षा संचालन के लिए समिति का गठन हो गया है। परीक्षा परिणाम डीईओ की निगरानी में राज्य स्तर पर भेजा जाएगा।

डीईओ टीआर जगदल्ले ने बताया कि जिले में 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं की वार्षिक परीक्षा के लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। संकुल प्राचार्यों एवं समन्वयकों की बैठक लेकर समीक्षा की गई है। सभी को परीक्षा के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। सभी परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर होंगी जिसे केन्द्रीयकृत परीक्षा का नाम दिया गया है।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- तेलीनसत्ती की घटना



बड़े भाई से मारपीट करने से मना करने पर तीन युवकों ने मिलकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीनसत्ती निवासी भवानी सिन्हा पिता गैंदलाल उम्र 30 वर्ष आरके फूड कंपनी देमार में मैनेजर के पद कार्यरत हैं। भवानी मंगलवार की रात्रि गांव में स्थित सत्ती मंदिर के पास बैठा हुआ था। उसका बड़ा भाई हेमन्त सिन्हा वहीं पर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान गांव का सुरेन्द्र ध्रुव मंदिर के पास पहुंचा और पुरानी रंजिश की बात पर हेमन्त से गाली-गलौज कर थप्पड़ मार दिया, जिस देख छोटे भाई भवानी ने मारपीट करने से मना किया। सुरेन्द्र उसे भी अश्लील गालियां देने लगा। सुरेन्द्र की आवाज सुनकर उसके दोस्त धनेश ढीमर व संजय ध्रुव भी पहुंच गए। तीनों ने एकराय होकर मारपीट शुरू कर दी।। इसी बीच संजय ध्रुव ने अपने पास रखे धारदार हथियार से युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक की बायीं आंख के पास, गाल में चोट लगी है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मसीही अस्पताल में भर्ती किया गया है। यहां घायल का उपचार जारी है। घायल भवानी की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र ध्रुव, धनेश ढीमर व संजय ध्रुव के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घायल के पिता गैंदलाल सिन्हा ने बताया कि उसके बेटे भवानी पर आरोपियों ने तलवार से हमला किया है। आरोपी खुले में घूम रहे हैं, जिससे उनके परिवार पर दोबारा हमला होने की आशंका है। पूरा परिवार दहशत में है।

#### रिपोर्ट का इंतजार

अर्जुन थाना प्रभारी सन्नी दुबे ने बताया कि घायल की शिकायत पर रात्रि में ही तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। घायल के एक्स-रे व सीटी स्कैन रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य धारा जोड़ी जाएगी। तत्पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हरिभूमि पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### किसानों का आरोप, बिजली कटौती से हो रही परेशानी

# सूखने लगी धान की फसल, खेतों को छोड़ने किसान मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लगातार मोटरपंप चलने के बाद भी खेतों में पानी नहीं पल पा रहा है। किसानों की शिकायत है कि विद्युत विभाग द्वारा रात में बिजली कटौती बढ़ा दी गई है। दिन में भी कई बार बिजली बंद की जा रही है। उन्होंने विद्युत विभाग से निवेदन किया है कि खेतों की स्थिति को देखते हुए विद्युत व्यवस्था दुरूस्त रखें।

जिले में फसल चक्र परिवर्तन की लहर है। चना, गेहूं जैसी फसल के रकबे में 6 हजार हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद भी कई इलाकों में किसानों ने धान की फसल लगाई है। जानकारी के अनुसार इस साल रबी में 24 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगी है। अब ये किसान पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों ने बताया कि आसपास के किसानों ने धान की फसल लगाई है, इसलिए मजबूरी में उन्हें भी धान बोना पड़ा। अब पानी नहीं पलने के कारण खेत सूख रहे हैं, जिसके चलते उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खपरी के किसान गिरधर साहू ने बताया कि वे 20 एकड़ में धान की खेती कर रहे हैं। पानी नहीं पलने के कारण इस बार 5 एकड़ को छोड़ना पड़ रहा है। खेतों में वे धान की फसल लगा चुके हैं। खाद, दवा का भी छिड़काव कर चुके हैं। लेकिन बिजली कटौती के चलते अब खेतों में पानी नहीं पल रहा है। जिन खेतों को छोड़ना पड़ रहा है, उसमें वे एक लाख रुपए से ज्यादा लागत लगा चुके हैं। ऐसे में उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रह है। इन खेतों को छोड़ने के बाद भी बचे हुए खेतों में ढंग से पानी नहीं पल रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग और जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की है, ताकि वे बचे हुए खेतों की फसल को बचा सकें।

#### कई क्षेत्र में समस्या

प्रशासन की समझाइश की अनदेखी कर किसानों ने धान तो लगा लिया है, लेकिन अब पछताना पड़ रहा है। सोखन की समस्या के चलते खपरी, भानपुरी, मुजगहन, पोटियाडीह सहित कई गांवों के खेतों में पानी नहीं ठहर रहा है। किसान चैतराम ध्रुव, युवराज शर्मा, सुरेश साहू ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मोटरपंप कनेक्शन में कटौती बढ़ा दी गई है। शाम 5 बजे बिजली बंद की जाती है। इसके बाद रात में बिजली चालू करने का कोई समय नहीं होता है। यही कारण है खेतों में पानी नहीं है।

#### नियम के तहत हो रही कटौती

विद्युत विभाग द्वारा कटौती के समय में कोई वृद्धि नहीं की गई है। नियम के तहत शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक मोटरपंप कनेक्शन में बिजली की कटौती की जाती है। रात 11 बजे के बाद लाइन चालू कर दी जाती है। खपरी, भानपुरी फीडर में भी इसी समय पर कटौती की जाती है। - **अनिल सोनी**, *कार्यपालन अभियंता धमतरी डिवीजन*

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पूर्णिमा पर मां सोनादाई मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतिम छोर सोनादई लोहत्तर के पहाड़ी में माँ सोना दाई मंदिर में माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 4 बजे से दर्शन करने भक्त पहुंचे लगे थे। माघ पूर्णिमा पर कुछ कार्यों का विशेष महत्व है। इन कार्यों को करने से मनुष्य को न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि सुख-शांति से जीवन व्यतीत करने के बाद मोक्ष प्राप्ति भी होती है। सोनादाई माता के दर्शन कर मनोकामना मांगने से पूर्ण होती है, जिससे आज के दिन मनोकामना मांगने के लिए लोगों का भीड़ लगा रहता है ।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत

कांकेर। हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डूमरपानी के तालाब में डूबने से हल्बा निवासी 48 वर्षीय रजनी मरकाम का मौत हो गया। हल्बा निवासी 19 वर्षीय भागीरथी मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका तालाब की ओर गई हुई थी। गहरे पानी में चले जाने से डूब गई और मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मतदान व मतगणना शुष्क दिवस घोषित

कांकेर। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मतदान एवं मतगणना के समय जिले में देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों एवं एफ. एल7 सैनिक कैंटीन में शुष्क दिवस घोषित किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### माघी पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

और विश्वास के साथ उत्साह देखने को मिला। हटकेशर निवासी आशाराम साहू ने बताया कि सुबह से अपने फल के ठेले के साथ मेला स्थल पहुंच गए थे। दोपहर बाद मेले की रौनक बढ़ गई। मिठाई, मनिहारी, खिलौने खूब बिके। भरदा गुरुर से रहचुली झूला आदि लगाने वाले राजू मारकंडे ने बताया कि बच्चों को झूला बहुत पसंद होता है। झूला प्रति बच्चा 20 रुपए, रहचुली के लिए 30 रुपये चार्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस साल मेले में भीड़ कम थी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

श्रद्धा यात्रा : समावेशी समाज बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाएं

# संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों के लिए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक विशेष श्रद्धा यात्रा में श्रीमती मूर्ति देवी अग्रवाल और उनके परिवार ने दिव्यांगजनों के लिए संस्था का प्रचार-प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह यात्रा चंडी मंदिर से शुरू होकर कुरुद नगर के प्रमुख स्थानों पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, सिरसा चौक, शंकर मंदिर और पुरानी मंडी से होते हुए पुनः चंडी मंदिर में समाप्त हुई।

यात्रा के दौरान श्रीमती अग्रवाल ने संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन के उद्देश्य और कार्यों को बताया। उन्होंने स्थानीय समुदाय को संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयास के बारे में बताया और इसके महत्व को समझाया। साथ ही संस्था के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया। यात्रा का समापन चंडी मंदिर में पूजा और संकीर्तन के साथ हुआ, जहां श्रीमती अग्रवाल और उनके परिवार ने दिव्यांगजनों के लिए और अधिक कार्य करने का संकल्प लिया।



यह यात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन थी, बल्कि संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन के उद्देश्य और कार्यों के प्रचार का भी एक बेहतरीन माध्यम बनी। श्रीमती मूर्ति देवी अग्रवाल के नेतृत्व में यह यात्रा संस्था के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में सफल रही और दिव्यांगजनों के लिए एक सहायक और समावेशी समाज बनाने के लिए और भी अधिक लोगों को जोड़ने की दिशा में एक कदम बढ़ाया। उनकी यह पहल समाज में बदलाव लाने और दिव्यांगजनों के लिए मदद के प्रयास को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुई है।

# कार्यकर्ताओं की एकजुटता से मिलेगी जीत

- शीतला मंदिर सिहावा में भाजपा की हुई विजय संकल्प बैठक
- जिला एवं जनपद पंचायत चुनाव में जीत के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत भाजपा के अधिकृत जिला पंचायत और जनपद पंचायत प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए सिहावा के शीतला मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया और सभी कार्यकर्ताओं को जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कसने का निर्देश दिया गया।

बैठक में भाजपा जिला पंचायत चुनाव प्रभारी श्रीमती किरण बघेल, महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष श्रीमती शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के प्रत्याशी अरुण सार्वा एवं जनपद पंचायत के सभी प्रत्याशी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की भव्य जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। रणनीति के तहत घर-घर जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन, प्रचार अभियान और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी पंचायतों को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि जनता तक भाजपा की नीतियों, योजनाओं और विजन को पहुंचाएं, ताकि गांव-गांव में पार्टी की मजबूती सुनिश्चित हो। बैठक में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और परिश्रम के साथ चुनावी अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन बेलरगांव के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अकबर कश्यप व आभार व्यक्त नगरी मण्डल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया।

# बगदेही स्कूल में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

ग्राम बगदेही की नवीन प्राथमिक शाला में साहू छग प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कामता साहू ने अपने बच्चे के जन्मदिन एवं माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर पूड़ी के साथ सब्जी परोसी गई। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अनूठी पहल की शुरुआत की है। कोई भी व्यक्ति या



सामाजिक संगठन जन्मदिन, सालगिरह या किसी खास मौके पर स्कूल, आश्रम या छात्रावास में कार्यक्रम कर सकते हैं। कामता साहू ने अपने पिता के साथ स्कूल पहुंचकर बच्चों को अपने हाथों से खीर पूड़ी का वितरण किया। श्री साहू ने कहा कि सरकार की इस छोटी पहल ने बड़ा रूप ले लिया है। न्योता भोज कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है।

# लंबित मांगों के निराकरण के लिए महासंघ पहुंचा मंत्रालय

- सहकारी समिति के कर्मचारियों ने सहकारिता सचिव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने सहकारिता सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना से मुलाकात कर लंबित मांगों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि आंदोलन के दौरान गठित अंतर विभागीय कमेटी की प्रक्रिया आगे बढ़ जाने एवं अन्य



लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल होने की बात कही गई। मुख्यमंत्री के सहकारिता सचिव मुकेश बंसल से भी भेंट की गई। सहकारिता विभाग के अवर सचिव डीएल भारती से भी सभी विषयों पर चर्चा हुई। पंजीयक कुलदीप शर्मा से भी मुलाकात कर समितियों द्वारा सफलतापूर्वक धान खरीदी पर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। श्री साहू ने आगे बताया कि धान परिवहन सभी समिति से समानुपात में शीघ्र कराने, धान खरीदी की कमीशन राशि देने, गत वर्ष का सूखत देने, क्रेडर समिति प्रबंधक की भर्ती समिति कर्मचारियों से प्रारंभ करने, ब्याज अनुदान राशि दिलाने समेत अनेक मांगों पर लंबी चर्चा हुई। सहकारिता मंत्री के ओएसडी श्री कांडे को पदोन्नति पर गुलदस्ता भेंट किया गया। मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा को भी धान खरीदी संबंधित मांग पत्र दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल साहू, भूपत सिन्हा, दीपक, प्रमोद साहू, आत्माराम, गुरूनारायण पाठक समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# सशिमं छाती में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

सरस्वती शिशु मंदिर छाती में बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की मूर्ति पूजा-अर्चना कर स्थापित की। स्कूल के प्रबंधकारिणी सदस्यों ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी नरेंद्र साहू सशिमं के सचिव ने दी है।

# कविता ने धौराभाठा, लिमतरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कविता योगेश बाबर ने बुधवार को ग्राम धौराभाठा, लिमतरा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान कविता ने गांवों में सभाएं लीं। डोर टू डोर मतदाताओं से मिली और उनकी समस्याएं पूछी। ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, जिस पर कविता ने समाधान करने का आश्वासन दिया। कविता ने गांवों की गलियों में कार्यकर्ताओं संग पैदल यात्रा की। ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनके पिछले



कार्यकाल में क्षेत्र में करोड़ों का विकास कार्य हुआ है। जनता के आशीर्वाद से वे बेहतर विकास कार्य करवाएंगे। कविता ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से पारिवारिक कुशलक्षेम पूछी। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभ लेने प्रेरित किया। कविता ने कहा कि वे ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता उनका परिवार है।

# बोर्ड परीक्षार्थियों को दिए आवश्यक टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर दवारा आगामी माह में कक्षा 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षा होगी। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने बोर्ड परीक्षार्थियों को आवश्यक टिप्स दिये। उन्होंने समय-सीमा में प्रश्न हल करना, शब्द सीमा, शुद्ध लेखन तथा सभी प्रश्न को क्रमशः हल करने के लिए कहा। शिक्षक ने पूर्व वर्षों के सभी प्रश्न को हल करने तथा लगातार लिख लिखकर प्रश्नों को हल करने की समझाइश दी। लिखने में निरंतरता आवश्यक है। दस-पंद्रह मिनट पूर्व पूरा पेपर हल कर जांच करने के लिए कहा जिससे कोई प्रश्न हल करने में न छूटा हो।

# संत गुरु रविदास की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ अहिरवार समाज जिला धमतरी इकाई ने बुधवार को संत गुरू रविदास बाबा की 648 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर समाजजनों ने बाबा के चित्र स्थापित कर हवन, पूजन, आरती, भंडारा का आयोजन किया। मौके पर साधना बाई, अहिल्या बाई, कीर्तिबाई, शारदा बाई, भागवतराम, रमेश खरे, विनोद महोबिया, सुनील चौरे, गुलशन भांडेकर, कुलेश्वर भांडेकर, पायल, मानसी, अंजलि, रघुनंदन, विनोद, रमेश, भागवत, अश्वनी, सुनील, मुन्ना, मुकेश, रमेश सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।



कलारतराई में हुआ रामनाम का गुणगान

# मानसगान सम्मेलन में बताई भगवान राम की महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिव शक्ति जस झांकी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कलारतराई में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन शनिवार और रविवार को हुआ जिसमें जिले की ख्यातिप्राप्त दस मानस मंडलियों ने भगवान रामचंद्र के गुणों का बखान किया। इस अवसर पर गोपाल साहू जनपद सदस्य, सरपंच लवणकिशोर साहू, नंदकुमार मानिकपुरी, निर्मला साहू, गजेंद्र साहू ,तरुण साहू, माधवेंद्र हिरवानी, प्रीतराम साहू, वतन साहू, गोपीचंद साहू सहित गांव के वरिष्ठजन उपस्थित थे।



Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी — निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध — 94063-16777, 73890-66777
शांतिपुर पुरूर — सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरूद,नगरी,मगरलोड,आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
|---|---|---|---|
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्यायजी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयालजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडितजी की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

## तीन जिलों की छह शराब दुकानें 15 दिन रहेंगी बंद

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प मेले के मद्देनजर छत्तीसगढ़ शासन ने 12 से 26 फरवरी तक शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। महामाघी पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस धार्मिक मेले के दौरान श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गरियाबंद जिले के राजिम, रायपुर जिले के गोबरा नवापारा और धमतरी जिले के मगरलोड सहित कुल 6 शराब दुकानें इस अवधि में पूरी तरह बंद रहेंगी। आबकारी विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है। राजिम कुंभ कल्प मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु देशभर से आते हैं। धार्मिक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से शराब बिक्री पर रोक लगाई गई है। प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं कि इस दौरान शराब की अवैध बिक्री न हो। इस निर्णय को लेकर स्थानीय लोग और श्रद्धालु दोनों ही संतुष्ट नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन के दौरान शराब बिक्री पर रोक लगाना एक सकारात्मक पहल है, जिससे मेले की गरिमा बनी रहेगी और श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हो सकेंगे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी-बालका नदी के संगम में किया पुन्नी स्नान

## देवी-देवताओं को ट्रस्ट ने सुपारी भेंटकर देव मड़ई का दिया निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कर्णेश्वर मेला में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में पुन्नी स्नान कर कर्णेश्वर महादेव सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया। मंगलवार की मध्य रात्रि से ही दूर-दूर से सैकड़ों ग्रामीण, साधु संतों, देवी देवताओं ने अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने कर्णेश्वर महादेव, राम जानकी सहित विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए। यह सिलसिला बुधवार दिनभर चलता रहा। परम्परा अनुसार मन्दिर में आये देवी देवताओं को ट्रस्ट ने मड़ई के लिये सुपारी चावल भेंटकर आमन्त्रण दिया। मंगलवार की शाम को संगम स्नान घाट में चित्रोत्पला महानदी की पूजा-अर्चना कर ट्रस्ट ने प्रथम दीप दान किया। कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना से पांच दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मंगलवार की रात्रि लोगों ने पण्डवानी का लुत्फ उठाया। आज गुरुवार को देव मड़ई होगी जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगा अपने पूरे स्वरूप में मेले की परिक्रमा करेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि में लहर गंगा अर्जुन्दा पुराणिक साहू कृत छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

### आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं

# मतदाता भटकते रहे, मतदान केंद्र तथा वार्ड तक बदल गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ रायपुर शहर में पिछले साल से भी कम मतदान

राज्य के नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर राजधानी में मतदाता यहां से वहां भटकते रहे। अनेक मतदान केंद्रों में मतदाता नाराज होकर मतदान न कर लौट गए। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटने की वजह से यह स्थिति बनी। वहीं नगर निगम के लिए इसके कारण कम मतदान हुआ।

**परिसीमन की जानकारी और मतदाता सूची वितरित नहीं**

निर्वाचन आयोग परिसीमन का सही तरीके से प्रचार-प्रसार न कर मतदाताओं को उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दिया गया। आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा दक्षिण के उपचुनाव में जिस तत्परता से प्रशासन ने काम किया था, वैसा मतदाताओं को जानकारी नहीं मिला। वार्डों में व महापौर के प्रत्याशी कम समय होने के कारण मतदाता पर्ची नहीं बांट पाए। चुनाव की घोषणा के तीन दिन बाद नामांकन पत्र दाखिल होने तथा प्रत्याशियों की घोषणा विलंब से होने के कारण भी मतदाताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाई।

पिछले साल जहां 52 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, वह इस बार 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया। रायपुर दक्षिण में जो मतदाता विगत 30-40 वर्षों से खोखो पारा स्कूल, सरस्वती स्कूल में मतदान करता रहा है, उसका नाम अमीन पारा स्कूल में चला गया। महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के लगभग ढाई 300 मतदाता ब्राह्मण पारा वार्ड में चले गए। तत्या पारा वार्ड के लगभग 500 मतदाता वार्ड क्रमांक 27 इंदिरा गांधी वार्ड में स्थानांतरित हो गए। कुशालपुर वार्ड के लगभग 500 मतदाता डबरी पारा में शिफ्ट हो गए। शांति नगर के मतदाता राजा तालाब में तथा राजा तालाब के मतदाता शांति नगर में भेजे गए। अनेक मतदाताओं के मतदान केंद्र भी परिवर्तित हो गए। इन सब विषम परिस्थितियों में मतदाताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदान न कर लौटे। इसका परिणाम है कि स्थानीय स्तर के चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा है।

## अस्पतालों की समस्याओं पर आईएमए ने जताई चिंता, दूर करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा निजी अस्पतालों के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर अस्पताल कम पैकेज, भुगतान जैसी कई समस्याओं जूझ रहे हैं। शासन और स्वास्थ्य विभाग को इससे अवगत कराया गया है मगर किसी तरह की राहत नहीं मिल रही है। आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा कि आयुष्मान योजना में एपीएल और बीपीएल के मरीजों के इलाज के लिए एक ही पैकेज का निर्धारण किया है जो असंगत है। अपर्याप्त पैकेज और बढ़ती महंगाई के कारण अस्पताल गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थिति इस तथ्य से और भी खराब हो जाती है कि निजी अस्पतालों से सरकारी अस्पतालों से अच्छी देखभाल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, जबकि शासकीय अस्पतालों के बुनियादी ढाँचे और कर्मचारियों की लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। उनके द्वारा सभी अस्पतालों के निलंबन को तत्काल समाप्त करने की मांग भी की है। आईएमए की शिकायत है कि आयुष्मान पैकेज में अपर्याप्त पैकेज, देरी से भुगतान पारदर्शिता का अभाव है। आईएमए ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्याओं को हल नहीं किया गया तो इस योजना से निजी अस्पताल दूरी बनाएंगे जिसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ेगा।

### सिम्स में पीजी छात्रा को प्रताड़ना, सीएम तक शिकायत

*रायपुर। सिम्स बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। मेडिसिन विभाग की पीजी छात्रा द्वारा विभागाध्यक्ष पंकज डॉ पंकज टेम्बर्निकर पर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत की गई है कि आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनका फोन फेंकना और तोड़ना, ड्यूटी के दौरान मौखिक दुर्व्यवहार, अनुचित स्पर्श और एक शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाना शामिल है। इन कार्रवाइयों ने न केवल उनके कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की क्षमता को बाधित किया है, बल्कि उनके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचाया है।*

## लड़की को माध्यम बनाकर राजधानी में नए पैटर्न में लूट

■ लड़की ने बाइक रोकने हाथ से इशारा किया, नहीं रुकने पर आगे खड़े साथियों ने डंडे से वार कर की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लड़की को माध्यम बनाकर बदमाशों ने राजधानी में नए पैटर्न में लूट की वारदात की है। जिनके साथ लूट की घटना हुई है, वह पेशे से वकील हैं। बदमाशों की पहचान हो गई है, लेकिन पुलिस उन लोगों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे रविवार देर रात साढ़े 11 बजे की है। पुरानी बस्ती निवासी अभिषेक कुमार तंबोली ने शगुन तथा बब्बन नाम के युवक के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपने एक अन्य साथी के साथ अपनी बाइक से सरोना के रास्ते यूनिवर्सिटी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान आमानाका ओवरब्रिज के नीचे सरोना की ओर जाने वाले निर्माणाधीन सड़क के पास एक युवती ने हाथ से इशारा कर बाइक रोकने की कोशिश की। बाइक नहीं रोकने पर आगे खड़े एक युवक ने अभिषेक पर डंडे से वार करते हुए कहा कि लड़की के इशारा करने पर तुमने बाइक क्यों नहीं रोकी। इसके बाद लड़के ने अभिषेक तथा उसके साथी की डंडे से पिटाई कर बाइक में तोड़फोड़ कर अभिषेक की जेब में रखे पैसे लूट लिए। लूट करने वाले युवक तथा युवती की पहचान शगुन तथा बब्बन के रूप में हुई है।

## रायपुर निगम में भाजपा का ऐतिहासिक जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव सह-संयोजक राजेश मूणत ने कहा, नगरीय निकाय के लिए हुए मतदान ने यह साफ संदेश दे दिया है कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों का कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है और भाजपा शानदार व ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा, मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग अटल विश्वास पत्र में व्यक्त भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है। यह प्रदेश की मातृ–शक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। रायपुर में शहर-सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी। श्री अग्रवाल व श्री मूणत ने कहा, मतदान के प्रति यह जागरुकता राजधानी को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है।

## दिन में जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर रात में रहेगी हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



उत्तरी हवा का असर खत्म होने की वजह से अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर रात में ठंड का प्रभाव मौजूद रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया रायपुर उसके करीब पहुंच गया। दिन में गर्मी बढ़ने का प्रभाव अगले तीन दिन तक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी में तापमान के उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना बनी रहेगी।राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होता रहेगा और उत्तरी हवा अभी शुष्कता लिए हुए हैं। राज्य के मैदानी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है मगर अंबिकापुर, बलरामपुर जैसे इलाके में ठंड मौजूद है वहां रात और सुबह के वक्त काफी ठंड महसूस हो रही है, हालांकि में दिन में थोड़ी असहजता महसूस हो रही है। रायपुर में सुबह के वक्त बेहद मामूली ठंड है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी लोगों को परेशान कर रही है। दोपहर बाद गर्मी का अहसास हो रहा है जिससे शाम होते ही राहत मिल रही है। बस्तर का हाल भी मैदानी इलाके जैसा ही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार 12 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### पिछले साल पड़े थे छींटे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के रूप में बरसने और कभी-कभी ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। पिछले साल रायपुर में 12 फरवरी को 6. 9 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी। बीते दस सालों में केवल तीन बार फरवरी बिना बूंदाबांदी के गुजरा है।

## बाइक की ठोकर से जख्मी साइकिल सवार की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में बाइक की ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल साइकिल चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक की ठोकर लगने से रामकुमार साहू की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, रामकुमार समोदा से अपने घर कागदेही जाने साइकिल से निकले थे। रास्ते में बाइक सीजी 06 जीपी 9235 के चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए रामकुमार को ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से रामकुमार के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं, जिनकी सोमवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## भाजपा समर्थित टीकाराम का प्रचार जोरों पर



■ डूमरपाली, नारधा, खिसोरा, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी समेत अनेक गांवों में किया जनसम्पर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

जिला पंचायत क्षेत्र 09 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी टीकाराम कंवर का प्रचार -प्रसार जोरों पर चल रहा है। जिला पंचायत क्षेत्र 9 अन्तर्गत 32 ग्राम पंचायत, 68 गांव तथा 12 जनपद क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा से टिकट मिलने के बाद प्रत्याशी टीकाराम कंवर चुनाव-प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। उन्होंने 12 फरवरी को क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली, नारधा, खिसोरा, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी, बोड़रा, आमाचानी, शुक्लाभाठा, परसवानी, कमरौद, चारभाठा, भोथीडीह आदि ग्रामों में चुनाव प्रचार किया। भाजपा प्रत्याशी ने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत पीएम आवास, नलजल, शौचालय, स्वास्थ्य समेत अनेक मूलभूत सुविधा प्रदान की जा रही है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों का सैलाब उमड़ रहा है। लोग भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले रहे हैं।

## खाद्य निगम के गोदाम में चावल लेने जगह नहीं राइस मिलर परेशान

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

प्रदेश राइस मिलर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल के लिए जगह नहीं होने से परेशान हैं। यही नहीं, खाद्य निगम ने चावल के लिए लगने वाले नंबर विंग ऐप को ही वर्ष 24-25 के लिए ब्लॉक कर दिया है। अभी वर्ष 23 - 24 का ही चावल लिया जा रहा है, जिसके लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है।

कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने राइस मिलरों की समस्या से अवगत कराने केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी और खाद्य सचिव तथा अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है। दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 150 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसमें 43 लाख टन धान से चावल का निराकरण नागरिक आपूर्ति निगम में हो रहा है, जबकि 79.25 लाख टन धान से चावल का निराकरण भारतीय खाद्य निगम में होना है। इसके लिए भारतीय खाद्य निगम में जगह नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है गोदाम में एक वर्ष के पूर्व का चावल भी रखा हुआ है। चावल का मूवमेंट आवश्यक रूप से नहीं हो रहा है, जिससे जगह नहीं बन रही है। विदित हो, राज्य सरकार की ओर से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 धान की खरीदी की गई है। उसमें अभी तक चावल अरवा रायपुर जिले में लेना शुरू नहीं किया गया है। चावल नहीं लेने पर राइस मिलों को धान में सूखत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं काम नहीं चलने से मजदूरों की समस्या बनी हुई है, जबकि काम नहीं चलने से बिजली का न्यूनतम बिल भी मिलरों को भुगतान करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के पास नहीं है। चावल का मूवमेंट प्लान नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त अच्छी क्वालिटी का चावल की डिमांड की जाती है, ताकि गोदाम में चावल कम खराब हो।

शोक संदेश



श्रीमती कुंती बाई साहू

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पुज्य माताजी श्रीमती कुन्ती बाई साहू का स्वर्गवास दिनांक 11.02.2025 मंगलवार को हो गया है। अतः उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति हेतु प्रार्थना करें।

तीजनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
13.02.2025 गुरुवार
स्थान : रांकाडीह (मधुबन धाम)
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे

शोकाकुल – भोजराम, ईश्वर, महेन्द्र, पुषण, कुलंजन, परसराम, गैंदराम, दुलेश्वर, चेतन, कन्हैया, लतेल, विश्राम, लीलाराम, प्रेमलाल, गेवेन्द्र, सोमप्रकाश, मनीष, धीरज, अश्वनी, जिनेंद्र, तोषण, सुब्रत, सागर, हर्ष कुमार एवं समस्त साहू परिवार

विनीत
जालमसिंह, शत्रुहन, चन्द्रहास, सुदर्शन, कमल, उदेश्वर (पुत्र)
विकास (नाती)
मो.नं. : 9131204734

जिस किसी स्नेहीजन को शोक पत्र न मिला हो वे इसे ही आमंत्रण समझें।

Health Town

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 बैतारी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रामकृष्ण प्रधान की बाइक सीजी 06 जीवाय 2437 को गणपति टाटा मोटर्स के सामने एनएच 53 रोड बैतारी के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मामले में रिपोर्ट पर सरायपाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### तुमगांव अस्पताल से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव अस्पताल में अपनी मां के इलाज के लिए रूके एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को मोहनलाल यादव निवासी ग्राम पिरदा ने बताया कि उसने अपनी मां को इलाज के लिए तुमगांव के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया था, जिसकी देखरेख के लिए अस्पताल में रही रहता था। 8 फरवरी की सुबह उसकी मोटर साइकिल सीजी 06 जीई 0173 को किसी ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मतगणना दलों का प्रशिक्षण आज

**महासमुंद।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के तहत मतगणना प्रक्रिया को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु समस्त मतगणना दलों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 13 फरवरी 2025 को 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। महासमुंद एवं तुमगांव के नगरीय निकायों से जुड़े मतगणना दल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष महासमुंद में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जबकि अन्य नगरीय निकायों के मतगणना दल अपने-अपने स्थान से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस प्रशिक्षण में भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### घर के सामने गांजा पीने से रोका तो की मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक व्यक्ति ने एक अन्य के खिलाफ घर के पास गांजा पीने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदनीडीह निवासी भोपाल मिश्रा ने मनीष मेहरा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भोपाल ने पुलिस को बताया है कि मनीष तथा उसके साथी उसके घर के पास गांजा पी रहे थे, जिन्हें मनीष ने अपने घर के पास गांजा पीने से मना किया। इस बात से नाराज होकर मनीष ने भोपाल के साथ मारपीट की।

### प्रदेश के उद्योगपति मप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में होंगे शामिल

**रायपुर।** मध्य प्रदेश के एपीआईडीसी ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है। मध्यप्रदेश सरकार के एनके शुक्ला ने मध्यप्रदेश में विभिन्न उद्योगों को लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति को बृहद रूप में प्रस्तुत किया और उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरे। इस सेमिनार में उन्होंने बताया, एपीआईडीसी 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि प्रदान कर रहा है। सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध कराएंगे। सोलर जनरेशन के लिए काफी उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं। अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा, सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण संभव है।

हजारों श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान, देवताओं को दिया मड़ई का आमंत्रण

# कर्णेश्वर मेला में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

**धार्मिक अनुष्ठानों, भव्य पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा कर्णेश्वर धाम**

**ट्रस्ट व प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

माघ पूर्णिमा पर कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। चित्रोत्पला महानदी और बालका नदी के संगम में मंगलवार की मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिए जुटने लगे। ग्रामीण जन, साधु-संत और विभिन्न देवी-देवताओं के विग्रह सहित पहुंचे भक्तों ने कर्णेश्वर महादेव, राम-जानकी समेत अन्य मंदिरों में दर्शन किए। मंदिर में आए देवी-देवताओं को ट्रस्ट द्वारा सुपारी-चावल भेंटकर आगामी देव मड़ई के लिए आमंत्रित किया गया। मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन ने मेले की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए। मंगलवार की शाम संगम घाट पर महानदी की पूजा-अर्चना और प्रथम दीपदान के साथ पांच दिवसीय माघी मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान छिपलीपारा टिकरी वाली के पुजारी ने खंबेश्वरी में ध्वजा चढ़ाई। मंदिर परिसर में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई।





कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, संरक्षक विधायक अंबिका मरकाम, कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, सचिव ललित शर्मा, सहसचिव रामभरोसा साहू, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, अन्य प्रमुख सदस्य गगन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, शिवकुमार परिहार, योगेश साहू, रवि दुबे, सचिन भंसाली, भरत निर्मलकर, कैलाश प्रजापति, कलमसिंह पवार, उत्तम साहू, कोमल श्रीमाली, रवि ठाकुर, नोहर साहू, आनंद अवस्थी, रामलाल नेताम, प्रकाश बेश, राकेश चौबे, महेंद्र कौशल, ललित निर्मलकर, छबि ठाकुर, रवि भट्ट, हनी कश्यप, अनुरुद्ध साहू, एन. पांडेय, प्रदीप जैन, नंद यादव, रामगोपाल साहू, दीपक यदु, डोमार मिश्रा, दुर्गेश साहू, हेमंतपुरी गोस्वामी, खम्हन आडिल, प्रकाश सर्व, पंकज ध्रुव, मनोहर मानिकपुरी, मनोज गुप्ता, कुलेश साहू, हेमु साहू, प्रवीण गुप्ता, अमर सिंह पटेल, कमलेश मिश्रा, अंजोर निषाद, प्रेमलता नागवंशी, प्रताप सुरेशा, उत्तम साहू, होरीलाल पटेल, मोहन पुजारी, मिलेश साहू, पेमन स्वर्णबेर, ईश्वर जांगड़े, किशन गजेन्द्र, अकबर कश्यप, लखन ध्रुव, भानु साहू सहित अन्य गणमान्यजन व प्रशासनिक अधिकारी सहयोग दे रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि कर्णेश्वर धाम का यह माघी मेला श्रद्धालुओं के लिए आस्था, परंपरा और भक्ति का अद्भुत संगम बना हुआ है, जहां इस बार भी श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं।

#### समाजजनों ने परंपरा के अनुसार की पूजा-अर्चना

सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा गुरु घासीदास को याद किया। कुम्हार समाज ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। निषाद समाज ने राम-सीता व निषादराज की पूजा की। पटेल समाज ने माता शाकंभरी की पूजा कर आशीर्वाद लिया।

#### श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित, भक्ति में डूबे लोग

रामाराव बघेल द्वारा परंपरा अनुसार संगम घाट के पास श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। मेला स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा, वहीं मंगलवार रात को आयोजित पंडवानी कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

#### आज देव मड़ई में उमड़ेगी आस्था

गुरुवार को आयोजित होने वाली देव मड़ई में सिहावा अंचल, बस्तर और उड़ीसा के देवी-देवता पूरे स्वरूप में शामिल होंगे। परंपरागत रूप से मेले की परिक्रमा होगी और रात्रि में लहर गंगा अर्जुंदा पुराणिक साहू कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति होगी।

#### व्यवस्था में ट्रस्ट व प्रशासन की अहम भूमिका

हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रहे।

# शहर में लगातार घट रहा मतदान का प्रतिशत

**केस 1**

नगर निगम के एक वार्ड में बाप बेटे की मतदाता पर्ची लेकर मतदान करने पहुंच गया। वह वोट डालकर निकल भी गया। कुछ देर बाद वहां बेटा पहुंच गया। उसने बताया कि उसके पिता की नजर कमजोर है, जिसके चलते वह गलत पर्ची लेकर आ गया। इसके बाद उसे बाप की मतदाता पर्ची में वोट डालने का मौका दिया गया।

**केस 2**

एक वार्ड में बाप और बेटी दोनों वोट डालने पहुंचे थे। बेटी तो वोट डालकर निकल गई। पिता को बताया गया कि उसका नाम दूसरे वार्ड में है। पिता भटकते हुए दूसरे वार्ड के पोलिंग बूथ में गया और मतदान किया। पिता ने बताया कि बेटी उसके साथ ही एक ही मकान में रहती है। ऐसे में दूसरे वार्ड में नाम जोड़ना समझ से परे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ कम मतदान को लेकर मंथन शुरू

न तो धमतरी में मतदाता पर्ची ठीक से बांटी गई थी और न ही परिसीमन ढंग से किया गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि कई मतदाता मतदान करने ही नहीं पहुंचे और धमतरी नगर निगम का मतदान प्रतिशत कम हो गया। यही नहीं जिला प्रशासन द्वारा मतदान को लेकर ढंग से जागरूकता अभियान भी नहीं चलाया गया।

धमतरी नगर निगम में हर चुनाव मतदान का प्रतिशत घटता जा रहा है। इस बार तो मतदान 70.69 प्रतिशत में सिमट गया जो पिछले चुनाव से 5 प्रतिशत कम है। स्थिति यह है कि धमतरी नगर निगम में हर साल मतदान का प्रतिशत घटता जा रहा है। वर्ष 2014 में 77.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2019 में 75.66 प्रतिशत मतदान हुआ था। जानकारों की माने तो इस बार मतदान का प्रतिशत कम होने के कई कारण है। निर्वाचन आयोग द्वारा काफी कम वक्त में चुनाव निबटाया गया। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का भी लोड है। मतदान के कुछ दिन पहले ही मतदाता पर्ची छपवाने और बांटने के लिए पीडीएफ उपलब्ध कराया गया था। समय कम होने के कारण कई घरों में मतदाता पर्ची ही नहीं पहुंच पाई थी। हालांकि मतदाता पर्ची के बिना भी मतदान की सुविधा थी। इसके अतिरिक्त परिसीमन में भी कई खामियां थी। एक ही घर के सदस्यों का नाम अलग-अलग वार्डों में जोड़ा गया था।

#### कई लोग गए गंगा नहाने

प्रयागराज में 144 साल बाद महाकुंभ मेला लगा हुआ है। मतदान के एक दिन बाद ही माघ पूर्णिमा स्नान था। इसके चलते भी कई लोग कुंभ स्नान के लिए चले गए थे। वहीं कांग्रेस की ओर से कोई महापौर प्रत्याशी नहीं था। इसके चलते भी मतदान पर असर पड़ा है। इस बार नगर निगम चुनाव में स्वीप की एक्टिविटीज भी नहीं के बराबर दिखी।

#### लोगों की रूचि कम थी

महापौर प्रत्याशी नहीं होने के कारण लोगों की रूचि कम हो गई। मतदाता कांग्रेस की सत्ता नगर निगम में चाहते थे। प्रत्याशी नहीं होने के कारण उनमें निराशा थी। यही कारण है कि इस साल मतदान का प्रतिशत पहले की अपेक्षा कम रहा।

\- **शरद लोहना**, *अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी*

#### कई लोगों का नाम दो जगह था

परिसीमन और मतदाता सूची में त्रुटि के चलते मतदान के प्रतिशत में अंतर आया है। कई लोगों का नाम दो जगह जुड़ा हुआ था। एक ही परिवार के सदस्यों का नाम अलग-अलग बूथों में जोड़ दिया गया था। वहीं कई लोग प्रयागराज धाम गए हुए थे।

\- **रामू रोहरा**, *महापौर प्रत्याशी भाजपा*

# रेडक्रॉस-स्काउट के स्वयंसेवकों ने नगरीय चुनाव में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सहायता प्रदान करने मतदाता मित्र टीम गठित करने का निर्देश दिया गया था जिसके अंतर्गत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं स्काउट- गाइड के स्वयंसेवकों ने नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता मित्र के रूप में महत्वपूर्ण निभाते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की। डीईओ टीआर जगदल्ले के निर्देशन एवं रेडक्रॉस के जिला संगठन आकाशगिरी गोस्वामी के संयोजन व संबंधित विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रभारी शिक्षकों के मार्गदर्शन में मतदाता मित्र टीम का गठन किया गया। स्वयंसेवकों ने धमतरी, नगरी, मगरलोड, कुरूद,आमदी और भखारा के मतदान केंद्रों में वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सेवा की तथा सहयोग प्रदान किया। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को व्हीलचेयर एवं अन्य माध्यमों से मतदान स्थल तक पहुंचाया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए आगामी पंचायत स्तरीय चुनाव में इसी प्रकार के सेवा कार्य की अपेक्षा की है।





# निगम चुनाव के बाद समीक्षा में जुटे प्रत्याशी, कार्यकर्ता

■ कोई आश्वस्त नजर आए तो कोई मायूस दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




निगम में सरकार बनाने 11 फरवरी को चुनाव हुआ, जिसमें शहर की जनता ने उत्साह से भाग लिया। धमतरी में महज 70.69 प्रतिशत ही मतदान हुआ जो जिले के अन्य नगर पंचायत क्षेत्र के मुकाबले सबसे कम है। वोटों का प्रतिशत कम होने से एक खास वर्ग भयभीत नजर आ रहा है। उनका कहना है कि इस चुनाव में 30 प्रतिशत जनता ने भाग नहीं लिया। 70 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो या तो कार्यकर्ता है या फिर किसी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं।

विभिन्न पार्टी से जुड़े जमीनी कार्यकर्ता श्रीधर गोस्वामी, अतुल नागरची, हिमांशु नवरंगे, दिलीप वाकड़े, कमलेश वाकड़े का कहना है कि इस बार उम्मीद से कम वोटिंग हुई है। स्थानीय चुनाव था इसलिए 85 से 90 प्रतिशत वोटिंग का अनुमान था। वहीं कुछ प्रत्याशियों का कहना है कि कम मतदान परंपरागत सीट में काबिज होने का संकेत है। इस चुनाव में 30 प्रतिशत जनता का चुनाव में भाग न लेना उनकी निगम सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। शायद उन्हें निगम सरकार से कोई लेना देना नहीं है। तुलनात्मक रूप से देखे तो जिले के नगर पंचायत क्षेत्र मगरलोड, कुरूद, भखारा, आमदी, नगरी में वोटों का प्रतिशत बढ़ा है। आम जनता ने स्वस्फूर्त मतदान में भाग लिया जबकि धमतरी काफी बड़ा शहर है। यहां की जनता ने मतदान के प्रति रूझान नहीं दिखाया।

कुछ वार्डों के मतदाता ने बताया कि वे व्यस्तता के चलते वोटिंग नहीं कर पाए। इस बात का उन्हें मलाल नहीं है। निगम सरकार किसी भी पार्टी से ताल्लुक रखती हो, विकास कार्यों के प्रति उनमें इच्छा शक्ति का अभाव है। जैसे-तैसे 5 साल बीत जाएगा वहीं ढांक के तीन पात। इधर चौक-चौराहों और गलियों में प्रत्याशी और कार्यकर्ता वोटों के प्रतिशत पर गुणा भाग करने में लगे हैं। उनके प्रत्याशियों को कितना वोट मिला, किस वर्ग से वोट नहीं मिला, किस जाति, वर्ग, समूह से ज्यादा वोट मिला, इसकी समीक्षा करने में लगे हैं। बहरहाल परिणाम 15 फरवरी को आएगा। इसके बाद स्थिति साफ हो जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर 14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को धमतरी / महासमुंद, गरियाबंद जिले के लिये सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969, 8370049468
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर